प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

5days Training On" Road Safety Management"-17

दिनांक 16-01-2023 से 20-01-2023

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **16**-01-2023 से **20**-01-2023 तक **Training On Road Safety Management** विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लेक्चर थियेटर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से **46** प्रतिभागियों जिसमें **02** सहायक उप निरीक्षक**,** 09 हैड कानि.**,** व **35** कानि. ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन **10**:30**-**11:30**AM** तक श्री विजय कुमार सिंह**,** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस**,** यातायात**,** राजस्थान जयपुर द्वारा ॅआडिटोरियम के क्रान्फेन्स हॉल न0 **03** में सयुक्त उदघाटन किया गया। उसके बाद कोर्स में प्रतिभागियो का ग्रुप फोटो सेशन व पंजीकरण करवाया गया।

कोर्स के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में कप्तान सिंह**,** पुलिस निरीक्षक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर ने परिचयात्मक सत्र: सड़क सुरक्षा प्रबंधन और सड़क सुरक्षा में पुलिस की भूमिका पर विस्तार से बताया। द्वितिय एवं तृतीय सत्र में श्री रमेश चौधरी**,** अभियोजन अधिकारी**,** आरपीए जयपुर ने सड़क यातायात संबंधी विधान हाल के संशोधनों सहित मोटर वाहन अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधान पर व्याख्यान दिया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्री डॉ. आर.एस. शर्मा**,** अतिरिक्त निदेशक एफएसएल एवं उप-प्राचार्य सीडीटीआई**,** जयपुर (सेवानिवृत्त) ने सड़क दुर्घटना के मामलों में सड़क से सड़क सुरक्षा की जांच और फोरेंसिक विज्ञान का उपयोग **व** सड़क दुर्घटना के मामलों के अनुसंधान में

वैज्ञानिक सहायता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तृतीय सत्र में श्री यतीश गुप्ता, प्रबंधक, आईआरएडी, जयपुर ने **IRAD-** की सामान्य जानकारी और उपयोग पर व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में श्री रोहिताश मीणा, उप निरीक्षक पुलिस, शिक्षा, यातायात, जयपुर आयुक्तालय, जयपुर ने व्यावहारिक घटक: उपकरणों का प्रदर्शन और परिचय के बारे में बताया ।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्री आशुतोष भट्ट, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनआईसी, जयपुर ने यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर चालान/ ई-चालान के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्री जगदीश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सेवानिवृत्त) ने सड़क दुर्घटनाओं के हिट एंड रन मामलों की जांच पर विस्तार पूर्वक बताया। तृतीय सुश्री नेहा खुल्लर मुस्कान एनजीओ, जयपुर ने सड़क सुरक्षा और सड़क सुरक्षा उन्मुखीकरण के लिए संस्थागत ढांचा के बारे में व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में डॉ. एल.एन. पांडे, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, **IRAD**, जयपुर ने बेसिक लाइफ सेविंग (बीएलएस) टेकनीक और गुड सेमेरिटन कानून के बारे में बताया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्रीमती सीमा मल्होत्रा, सलाहकार राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग राजस्थान जयपुर ने **IRC-**67 के अनुसार ट्रैफिक कंट्रोल डिवाइस के बारे में समझाया। द्वितीय सत्र में श्रीमती निधि सिंह, संयुक्त आयुक्त, सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ, जयपुर ने सरकार की सड़क सुरक्षा नीतियां के बारे बताया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में सुश्री नेहा छटवानी, परियोजना समन्वयक राज, सड़क सुरक्षा सोसायटी ने शून्य दुर्घटना विस्तार, सड़क सुरक्षा चक्र विकसित करना के बारे में समझाया।

पंचम दिन के प्रथम सत्र में श्री जितेंदर, सलाहकार-सड़क सुरक्षा वार रूम, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग जयपुर ने सड़क सुरक्षा के लिए बुनियादी यातायात इंजीनियरिंग के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्रीमती सुनीता मीणा, एडिशनल डीसीपी, पुलिस कमिश्नरेट जयपुर ने सड़क दुर्घटना दावों के महत्वपूर्ण प्रावधान पर महत्वपूर्ण जानकारी दी ।

श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के मुख्य अतिथित्य में कोर्स के समापन सत्र का आयोजन किया गया, जिनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कोर्स के अन्त में कोर्स डायरेक्टर कप्तान सिंह पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स का विधिवत समापन किया गया।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक